12_Nav pradesh Page_11.qxd 5/12/2018 8:06 AM Page 1

'वीरे दी वेडिंग' में गाना गाएंगी यूलिया

रिया कपूर की अपकमिंग फिल्म 'वीरे दी वेडिंग' में सोनम कपूर, करीना कपूर, स्वरा भास्कर और शिखा तल्सानिया बैंकॉक में डांस और मस्ती करती नजर आएंगी। मजेदार बात यह है कि इस गाने को गाने वाले सात सिंगर्स में से एक सलमान खान की 'करीबी दोस्त' हैं। दूसरे सिंगर्स में से हैं अदिति सिंह शर्मा, निकिता आहूजा, श्रावी यादव और पायल देव। मेल वॉइस में है कंपोजर सिंगर विशाल मिश्रा जो कि लीड सिंगर हैं। फिल्म से जुड़े एक सॉर्स ने बताया कि गाना हाल ही में मुंबई स्टूडियो में रिकॉर्ड किया गया है। सॉर्स के मुताबिक, 'टीम चाहती थी कि विशाल के साथ छह फीमेल सिंगर्स की आवाज हो ताकि यह फील आए कि गर्ल्स गैंग मस्ती कर रहा है। यूलिया को उनकी यूनीक आवाज के लिए चुना गया।' करीब 400 फीमेल वॉइस का ऑडिशन किया गया जिनमें से 50 शॉर्ट लिस्ट हुईं और फाइनली छह को चुना गया।

QUIZ TIME

1) कौन-सा वायसराय अपनी अंडमान यात्रा के दौरान एक दोषी का शिकार बन गया था?

2) गॉलब्लेडर स्टोन............ का जमाव है।

3) भारतीय नागरिकता के संबंध में संसद ने किस वर्ष कानून पास किया?

(क) 1955 (ख) 1950

(ग) 1951 (घ) 1947

4) जे.राबर्ट ओपेनहीयर ने किस बम को विकसित किया था? (अणु बम / हाइड्रोजन बम)

5) 'आधुनिक प्रत्यारोपण के पिता' का नाम बतायें?

Ramaquiz

उत्तर-(1) लॉर्ड मेयो (2) कोलेस्ट्रॉल (3) 1955 (4) हाइड्रोजन बम (5) थॉमस अर्ल स्टारजल

कृति सैनन की बहन नूपुर करेंगी बॉलीवुड में डेब्यू

मुंबई (वार्ता)। जानी मानी अभिनेत्री कृति सैनन की बहन नूपुर बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही है। नूपुर सैनन बॉलीवुड में आने के लिए ट्रेनिंग कर रही हैं। उन्होंने कई कोर्स में एडमिशन ले लिया है। हाल ही में उनका म्यूजिक वीडियो वायरल हुआ था लेकिन वह सिंगर नहीं बल्कि अभिनेत्री बनना चाहती हैं। नूपुर, मुकेश छाबड़ा, प्रशांत सिंह और अभिषेक पांडे के एक्टिंग वर्कशॉप्स करती हैं। बताया जा रहा है कि नूपुर हर आउटसाइडर की तरह कड़ी मेहनत कर रही हैं। वह पुडुचेरी के आदिशक्ति में एक्टिंग कोर्स भी कर रही हैं। वह रोज जिम और डांस क्लास जाती हैं।

सोनम कपूर के साथ विराट-अनुष्का वाले पोज में आनंद आहूजा की तस्वीर वायरल

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस सोनम कपूर बीते दिनों अपने बॉयफ्रेंड आनंद आहूजा के साथ शादी के बंधन में बंध गई हैं। उनकी मेहंदी, शादी से लेकर रिसेप्शन तक की तस्वीरें हर तरफ छाई हुई हैं। इसी बीच सोनम के पति आनंद ने इंस्टाग्राम पर उनके साथ एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर पर लोगों के तरह-तरह के कॉमेंट्स आ रहे हैं। फोटो पर रणवीर सिंह ने कई सारे हार्ट्स बनाकर रिऐक्ट किया है तो सोनम की कजन जाह्नवी कपूर ने लिखा है, 'आप लोग बहुत क्यूट हैं, मैं सांस भी नहीं ले पा रही।'

एक्टर प्रकाश राज ने अमिताभ बच्चन को बताया कायर

मुंबई। प्रकाश राज अपनी बयानबाजी के कारण फिर चर्चा में हैं। उन्होंने अमिताभ बच्चन पर जुबानी हमला बोला है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि कठुआ मामले में अमिताभ को बोलना चाहिए था। उनके पास अच्छी आवाज है। राज के बयान के बाद पूरे इंडस्ट्री में हड़कंप मच गया है। प्रकाश राज ने कहा कि अमिताभ बच्चन कायर हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में 8 साल की बच्ची के साथ हुए गैंगरेप पर एक शब्द नहीं बोला जबकि उनकी आवाज बेहद शानदार है। उनके न बोलने की वजह से ही मैं उन्हें कायर समझता हूं। प्रकाश राज ने कहा कि मैं इस घटना पर उनसे बोलने की अपील करता हूं, यह मेरा हक है। उनके पास कमाल की आवाज है और मैं चाहता था कि वह कुछ बोलें लेकिन उन्होंने कह दिया कि मैं इस मामले पर कुछ बोलना नहीं चाहता, लेकिन सर आपको बोलना पड़ेगा यह बहुत गंदा है। उन्होंने कहा, 'मैंने उनसे अपील की, मेरा मानना है कि एक्टर होने के नाते हमारा भी फर्ज समाज के प्रति बनता है। अगर हम लोग कायर हो जाएंगे तो समाज भी कायर बनेगा।'

इंस्टा पर नहीं मिले फॉलोअर्स तो ऐश्वर्या ने टीम को फटकारा!

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन ने इंस्टाग्राम पर डेब्यू किया है। उनके कान फिल्म फेस्टिवल में जाने के एक दिन पहले पीआर टीम ने उनके इंस्टाग्राम पर आने की सूचना दी थी। ऐश की टीम ने ऐश्वर्या की इंस्टा आइडी के साथ यह खबर जारी की थी। हालांकि इंस्टा डेब्यू को लेकर जितनी चर्चा थी, उस हिसाब से ऐश को फॉलोअर्स काफी कम मिले। सुना है कि ऐसा होने पर ऐश ने अपनी टीम को फटकारा भी है। ऐश्वर्या के करीबी सॉर्स ने पिंकविला साइट को बताया, 'जिस तरह से ऐश्वर्या का सोशल मीडिया डेब्यू हुआ उससे वह खुश नहीं हैं। 6 घंटे बाद उन्हें 20,000 फॉलोअर्स मिले जो उनकी लोकप्रियता को देखते हुए काफी कम थे। उनकी प्रोफाइल के साथ ब्लू टिक भी नहीं था, जिससे लोगों को अकाउंट के ऑथेंटिक होने पर शक था।' हालांकि ऐश की फॉलोअर्स की संख्याअब बढ़ रही है, इस वक्त उनके 118 हजार फॉलोअर्स हैं। ऐश्वर्या के इंस्टा अकाउंट से उनकी पहली तस्वीर अराध्या के साथ पोस्ट की गई है। तस्वीर बेहद खूबसूरत है जिसके साथ कैप्शन है, 'और मैंने दूसरी बार जन्म लिया।' यह तस्वीर शायद उस वक्त की है जब आराध्या का जन्म हुआ था। ऐश के इस इंस्टा पोस्ट पर अभिषेक बच्चन ने फोटो क्रेडिट भी मांगा है

व्यापार

खत्म होने की कगार है जेपी इन्फ्राटेक

कर्जदाताओं को मिलेगा बोली लगाने का पहला मौका

नई दिल्ली/मुंबई। जेपी ग्रुप की कंपनी जेपी इन्फ्राटेक अब लिक्विडेशन यानी खत्म होने के कगार पर है। अंतरिम रिजॉलूशन प्रफेशनल की ओर से सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई कि कर्ज में डूबी रियलटी कंपनी का रिवाइवल का प्लान फेल हो गया है और इसकी समयसीमा भी खत्म होने वाली है। ऐसे में यह कंपनी अब खत्म हो सकती है और इसकी हिस्सेदारी संबंधित दावेदारों के बीच बांटी जा सकती है। जेपी इन्फ्राटेक कंपनी ने 2007 में नोएडा में लगभग 32000 फ्लैट का निर्माण शुरू किया, जिसमें से 9500 फ्लैट आवंटित किए गए। इसके अलावा अन्य फ्लैट अब तक फंसे हुए हैं।

इन्सॉलवेंसी ऐंड बैंकरप्सी कोड, 2016 के तहत किसी कंपनी के दिवालिया होने के बाद उसका मामला नैशनल कंपनी लॉ ट्राइब्यूनल में जाने पर उसके रिवाइवल के लिए 270 दिनों का वक्त दिया जाता है। यह समयसीमा शनिवार यानी 12 मई को समाप्त हो रही है। बुधवार को जेपी इन्फ्राटेक ने लक्षद्वीप की 7350 करोड़ रुपये की बोली को अपर्याप्त बताते हुए खारिज कर दिया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में रिजॉलूशन प्रफेशनल की ओर से यह बात कही गई। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में रियलटी प्रॉजेक्ट्स में जेपी इन्फ्राटेक की बड़ी हिस्सेदारी रही है।

इस पूरी प्रक्रिया से जुड़े एक शख्स ने बताया, 'यह स्पष्ट है कि अंतरिम रिजॉलूशन प्रफेशनल कंपनी को खत्म करने की प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ा सकता। वह सिर्फ ट्राइब्यूनल को इस संबंध में तथ्यों की जानकारी देने का काम करता है कि 270 दिनों में भी कैसे रिवाइवल का प्लान पूरा नहीं हो सका। कानून के अनुसार ऐसे मामलों में खासी लंबी प्रक्रिया होती है और कई पहलुओं को चेक किया जाता है। इसे लेकर एक साथ दो तरफसे प्रक्रिया चल रही है। पहली नैशनल कंपनी लॉ ट्राइब्यूनल में और दूसरी सुप्रीम कोर्ट में।'

हालांकि कंपनी के खत्म होने की आशंका के बीच चीफजस्टिस दीपक मिश्रा, जस्टिस एएम खानविलकर और जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि प्राथमिक लक्ष्य फ्लैट बायर्स को राहत दिलाना है। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले में अब तक 16 मई को विस्तृत सुनवाई होगी। लिक्विडेशन का अर्थ यह होगा कि कंपनी असेट्स को बेचा जाएगा और कर्जधारकों के पास इसका पहला अधिकार होगा।

कंपनी पर है 9,800 करोड़ रुपये का कर्ज

कंपनी पर 9,800 करोड़ रुपये का कर्ज बकाया है। कंपनी पर जिन बैंकों का कर्ज बकाया है, उनमें आईडीबीआई बैंक, आईआईएफसीएल, ऐक्सिस बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कॉर्पोरेशन बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईएफसीआई बैंक, जे ऐंड के बैंक, एलआईसी, एसबीआई, सिंडिकेट बैंक और यूनियन बैंक शामिल हैं।

पेट्रोल-डीजल होगा और महंगा? अगले साल 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचेगा कच्चा तेल

नई दिल्ली। भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतें इन दिनों अपने उच्चतम स्तर पर हैं, लेकिन यह मुश्किल आने वाले दिनों में कम होने की बजाय और बढ़ सकती है। इसकी वजह यह है कि कच्चे तेल की कीमतें अगले साल 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। बैंक ऑफअमेरिका कॉर्पोरेशन के मुताबिक वेनेजुएला और ईरान में सप्लाइ में कमी आने के चलते यह समस्या पैदा हो सकती है। फिलहाल इंटरनैशनल मार्केट में क्रूड ऑइल 77 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर चल रहा है। बैंक का कहना है कि 2019 की दूसरी तिमाही तक यह आंकड़ा 90 डॉलर प्रति बैरल तक हो सकता है। इसकी वजह वैश्विक स्तर पर उत्पादन में कमी की स्थिति है।

बैंक के मुताबिक ओपेक देशों की ओर से उत्पादन को सीमित किया जा सकता है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका की ओर से ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों के चलते भी कीमतों में इजाफा हो सकता है। बैंक के मुताबिक यदि कीमतों में उछाल जारी रहा तो 2014 के बाद यानी करीब 5 साल के बाद पहली बार कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर जाएगी।

कूड ऑइल की कीमतें पहले ही तीन साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। इसकी वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की ओर से ईरान पर एक बार फिर से प्रतिबंध लगाने का फैसला लेना है। इसके चलते ईरान ने पहले से ही सप्लाइ की कमी से जूझ रहे क्रूड मार्केट को झटका देते हुए उत्पादन में कमी करने की चेतावनी दी है। ओपेक देशों के सप्लाइ कट के फैसले और वेनेजुएला में उत्पादन में अचानक कमी के चलते पहले ही कीमतों में तेजी का दौर जारी है।

बैंक ऑफ अमेरिका मेरिल लिंच के कमोडिटीज रिसर्च के हेड फ्रांसिस्को ब्लैंक ने कहा, 'अगले 18 महीनों पर नजर रहेगी। हमें लगता है कि ग्लोबल सप्लाइ और डिमांड की स्थिति आने वाले दिनों में टाइट होगी।' यही नहीं कई अन्य बैंकों ने भी क्रूड की कीमतों में इजाफे की आशंका जताई है।

औद्योगिक उत्पादन दर में तीखी गिरावट, मार्च में 4.4 फीसदी रही दर

नई दिल्ली। देश के औद्योगिक उत्पादन दर (इंडस्ट्रियल आउटपुट रेट) में तीखी गिरावट दर्ज की गई है। मार्च में औद्योगिक उत्पादन दर 4.4 फीसदी रही है जबकि फरवरी महीने में यह 7.1 फीसदी थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह पांच महीने का न्यूनतम औद्योगिक उत्पादन दर है।

इससे पहले जनवरी के मुकाबले फरवरी में भी औद्योगिक उत्पादन दर में गिरावट दर्ज की गई थी। जनवरी के 7.5 फीसदी के मुकाबले फरवरी में औद्योगिक उत्पादन में 7.1 फीसदी की रफ्तार से वृद्धि हुई थी।

रॉयटर्स के सर्वे में 5.9 फीसदी आउटपुट ग्रोथ की उम्मीद जताई गई थी लेकिन औद्योगिक उत्पादन कम रहा। पिछले पूरे वित्तीय वर्ष (2017-18) में आउटपुट ग्रोथ 4.3 फीसदी रहा। इससे पहले के साल के मुकाबले (4.6 फीसदी) कम ग्रोथ देखने को मिली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रेडिमेड कपड़े, आभूषण

और पेपर इत्यादि क्षेत्रों में कम उत्पादन का असर इंडस्ट्रियल आउटपुट पर पड़ा है। हालांकि इंडस्ट्रियल आउटपुट में 78 फीसदी हिस्सेदारी रखने वाले मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में वित्तीय वर्ष 2016-17 के मुकाबले 0.1 फीसदी की बढ़त देखने को मिली। यह इस बात का भी संकेत है कि बड़ी कंपनियों ने गुड्स ऐंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) लागू होने के बाद से उपजी समस्याओं पर काबू पा लिया।

फ्लिपकार्ट को टक्कर देगी अमेजन की यह सेल

नई दिल्ली। आने वाले कुछ दिनों में आप अगर शॉपिंग करने की सोच रहे हैं तो आपके लिए एक अच्छी खबर है। देश की सबसे बड़ी ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट को टक्कर देने के लिए अमेजन ने कमर कस ली है। अमेजन ने समर सेल 2018 की घोषणा की है। यह सेल 13 मई से शुरु होकर 16 मई तक चलेगी। बता दें कि अमेजन के अलावा फ्लिपकार्ट ने भी कुछ दिन पहले अपने ग्राहकों के लिए फ्लिपकार्ट बिग शॉपिंग डेज सेल पेश की है, जो 13 से 16 मई तक चलेगी।

कंपनी ने कहा कि 4 दिनों तक चलने वाली इस सेल में करीब 1000 ब्रांड्स और 40,000 डील होंगी। अमेजन समर सेल के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम्स पर 50 फीसदी, टीवी और अप्लायंसेज पर 35 फीसदी, होम और किचन पर 70 फीसदी और अमेजन फैशन पर 80 फीसदी तक डिस्काउंट की पेशकश की जाएगी। सेल में स्मार्टफोन एक्सेसरीज पर 80 फीसदी तक का डिस्काउंट, टॉप ब्रांड स्मार्टफोन, ब्लूटूथ हैडफोन, स्पीकर्स, फिटनेस ट्रेकर्स और स्मार्ट वॉच पर 35 फीसदी तक डिस्काउंट मिलेगा। नोकिया 7 प्लस पर 10,000 रुपए तक का डिस्काउंट मिलेगा। लेटेस्ट स्मार्टफोन रियल मी 1 भी इस सेल में उपलब्ध कराया जाएगा। पावर बैंक पर 70 फीसदी और लैपटॉप पर 20,000 रुपए तक छूट मिलेगी।

4 लाख रुपए जीतने का मौका

आईसीआईसीआई क्रेडिट और डेबिट कार्ड से भुगतान करने पर ग्राहकों को 10 फीसदी डिस्काउंट रुपए कैशबैक मिलेगा। बता दें कि अमेजन के ऐप यूजर्स के लिए यह डिस्काउंट लाइव चलेगा, जो रात के 8 बजे से लेकर मिडनाइट तक होगा। अमेजन ने ऐप के जरिए शॉपिंग करने वाले ग्राहकों के लिए 4 लाख रुपए तक के ईनाम भी ऐलान किया है।

फ्लिपकार्ट बिग शॉपिंग डेज सेल

इस सेल में सैमसंग गैलेक्सी ऑन स्मार्टफोन 10900 रुपए में उपलब्ध होगा। इस स्मार्टफोन की कीमत 17900 रुपए है। गूगल पिक्सल 2 और पिक्सल 2XL स्मार्टफोन 34999 रुपए की शुरुआती कीमत में उपलब्ध होगा। इसकी शुरुआती कीमत 61000 रुपए है। रेफ्रिजरेटर और एसी पर भी 70 फीसदी तक का ऑफमिलेगा। सैमसंग के 28890 रुपए के 32 इंच एचडी टीवी को सेल में 16999 रुपए में खरीदा जा सकेगा। कपड़ों, फुटवियर और अन्य वियरेबल आइटम पर 50 से 80 फीसदी का डिस्काउंट मिलेगा। कंपनी एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड का इस्तेमाल करने पर 10 फीसदी का अतिरिक्त डिस्काउंट देगी।